भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 726
दिनांक 08 फरवरी, 2021 को उत्तर देने के लिए

कोवैक्सिन की रॉयल्टी के रूप में धन का संग्रह

726 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत बायोटेक की कोवैक्सिन की बिक्री से रॉयल्टी के रूप में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा कितनी धनराशि संग्रहित की गई है;
(ख) इसमें से कितनी धनराशि विदेशों से प्राप्त हुई है;
(ग) इस धनराशि को किस तरह से खर्च करने की योजना बनाई जा रही है; और
(घ) संग्रहित की गई उपर्युक्त राशि में से कोवैक्सिन के अनुसंधान और विकास पर आईसीएमआर की प्रारम्भिक लागत में से अब तक कितनी राशि की वसूली हुई है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री
(डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को कोवैक्सिन की बिक्री से भारत बायोटेक की ओर से 31 जनवरी, 2022 तक 171.74 करोड़ रु. की रॉयल्टी प्राप्त हुई है। आईसीएमआर ने कोवैक्सिन के आर एण्ड डी में लगभग 35 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आईसीएमआर के फंड का उपयोग उभरती अनुसंधान प्राथमिकताओं और अनुसंधान सहित स्वास्थ्य अनुसंधान गतिविधियों एवं क्षमता निर्माण के लिए किया जाता है।

*****